# विदेशी निवेश के लिए इन्वेस्ट यूपी की जर्मन डेस्क सक्रिय

## इन्वेस्ट यूपी और भारतीय दूतावास बर्लिन के बीच निवेश बढ़ाने के लिए ऑनलाइन बैठक

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी ने उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने, औद्योगिक सहयोग और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक की अध्यक्षता इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने की।

जर्मनी में भारतीय दूतावास के द्वितीय सचिव दीपक सिंह रंधावा ने निवेश रोडशो और बी2बी कार्यक्रमों में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने जर्मन उद्योग संघों, वाणिज्य मंडलों और एसएमई क्लस्टर्स के साथ तालमेल बढ़ाने पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक निवेश उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित किया जा सके।

वहीं शशांक चौधरी ने उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क, अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, निवेशक-अनुकूल नीतियां और प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता बाजार का हवाला दिया। उन्होंने फॉर्च्यून ग्लोबल इंडिया-500 पॉलिसी, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी जैसी प्रोत्साहन योजनाएं भी साझा कीं।

दोनों पक्षों ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और क्षेत्र-विशेष निवेश से जुड़ी जानकारी साझा करने पर सहमति जताई। ब्यूरो